भोले की सवारी | By Hemant Brijwasi

मेरे भोले की सवारी आज आई
मेरे शंकर की सवारी आज आई
जोगन बन नाचूंगी मैं भी
जोगन बन नाचूंगी
मेरे भोले की, मेरे शंकर की
मेरे शम्भू की सवारी आज आई
जोगन बन नाचूंगी मैं भी
जोगन बन नाचूंगी

गले में उसके सर्पो की माला
शम्भू पीते विष का प्याला
सुन्दर रूप है उसका निराला
बाबा मेरा भोला भाला
तेरा नाम जपे दुनिया सारी
जोगन बन नाचूंगी मैं भी
जोगन बन नाचूंगी

जटागंग भंग पी के आये
गौरा मैया के मन हर्षाये
भांग धतूरा जो भोग लगाए
उसकी नैया पार लगाए
ओ भोला कहलाता है विषधारी
जोगन बन नाचूंगी मैं भी
जोगन बन नाचूंगी

अंग पे अपने भस्म रमाये
डम डम डम डम डमरू बजाये
औघड़ दानी रूप धरा है
बृजवासी तेरी महिमा गाये
श्वी नाम के हैं सारे पुजारी
जोगन बन नाचूंगी मैं भी
जोगन बन नाचूंगी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-hemant-brijwasi/